आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

नीट पीजी परीक्षा की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया का समग्र आकलन करने के बाद ये फैसला किया गया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के हित और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए लिया गया है । इस बीच, परीक्षा परिणामों पर विवाद के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को कल पद से हटा कर भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा दिया गया।

उधर, शिक्षा मंत्रालय ने नीट यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है और कहा है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नीट–यूजी परीक्षा 2024 में कृपांक पाने वाले एक हजार 563 विद्यार्थियों की पुनर्परीक्षा आज करायी गयी। यह पुनर्परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम को पांच बजे कर बीस मिनट तक चली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने कहा है कि पुनर्परीक्षा नहीं देने वाले विद्यार्थियों के परिणाम पिछले महीने की पांच तारीख को हुई परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किये जाएंगे।

****

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा। लोकसभा के पहले सत्र की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग संसद के समक्ष मुद्दे और ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट का प्रसारण करेगा। संसद के समक्ष मुद्दे आकाशवाणी गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर तथा ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट रैनबो और अतिरिक्त मीटरों रात साढे नौ बजे से दस बजे तक सुना जा सकता है।

****

राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि इसके प्रथम तल का निर्माण कार्य जुलाई दो हजार चौबीस तक और सम्पूर्ण मंदिर का निर्माण दिसम्बर दो हजार चौबीस तक पूरा हो जाएगा। साथ ही परकोटे के भीतर बनने वाले अन्य छह मंदिरों समेत सभी निर्माण कार्य जुलाई दो हजार पच्चीस तक पूरे कर लिए जाएंगे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। श्री मिश्र ने बताया कि भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से एक करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक श्रद्धालु उनका दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या इस महीने के अंत तक दो करोड़ तक पहुंच जाएगी।

****

देश आज प्रख्यात विचारक और शिक्षाविद् डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा है कि डॉ मुखर्जी ने मां भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ के सिविल अस्पताल में पुण्यतिथि कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा। भारत की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया।

****

आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ से संबंधित चेन्नई में आज आयोजित सम्मेलन में पहली जुलाई से तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी होने के बारे में चर्चा शुरू हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि न्याय प्रदान करने के लिए अब भारतीय न्याय संहिता की शुरुआत की गई है। इस संबंध में उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वर्ष 2019 से राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के परामर्श से काम कर रहे हैं। सम्मेलन में केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि एनडीए सरकार ने तकनीकी रूप से समृद्ध दुनिया का अनुसरण करते हुए नए आपराधिक कानून प्रस्तुत किए हैं।

****

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों पर फिर से बहाल कर दिया है। लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने यह निर्णय लिया। श्री आनंद को लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के सभी प्रमुख दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था। पार्टी ने आकाश आनंद को एक बार फिर राष्ट्रीय संयोजक का पद दिया है। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव में बसपा के खराब प्रदर्शन की समीक्षा के बाद सुश्री मायावती ने विश्वास जताया कि बसपा एक बार फिर मजबूती के साथ उभर कर सबके सामने आएगी।

****